हिन्दुस्तान
1936
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
3 मार्च 2025, फाल्गुन शुक्ल 04, चतुर्थी, विक्रम संवत 2081, बरेली

**PAGE NO : 04 BOTTOM**

# संगीतमयी नाटक तांडव का मंचन

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को रुबरू थिएटर ग्रुप की ओर से संगीतमय नाटक तांडव का मंचन किया गया। नाटक का संदेश है कि जब तक हम खुद को पूरी तरह से पहचान नहीं पाते, हम सच्चे सुख और संतोष को नहीं पा सकते। रजनीश कुमार गुप्ता लिखित और काजल सूरी निर्देशित यह नाटक तांडव में कई पारंपरिक सामाजिक और पारिवारिक तरीकों से भगवान शिव का जश्न मनाता है। तांडव नृत्य ही है जो सभी पात्रों को भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जोड़ता है।